फाइल संख्या-71-3099/175/2021-03

119/2022/1/211069/2022

प्रेषक,

कुलदीप कुमार रस्तोगी,
संयुक्त सचिव,
उ0प्र0 शासन।

सेवा में,

प्रधानाचार्य,
स्वशासी राज्य चिकित्सा महाविद्यालय,
फिरोजाबाद।

चिकित्सा शिक्षा अनुभाग-3 **लखनऊ : दिनॉक 08 सितम्बर, 2022**

विषयः- वित्तीय वर्ष 2022-23 में स्वशासी राज्य चिकित्सा महाविद्यालय, फिरोजाबाद में उपकरणों के क्रय हेतु वित्तीय एवं प्रशासकीय स्वीकृति।

महोदय,

उपर्युक्त विषयक अपने पत्र संख्या-एफजैडडी/2022/1227, दिनांक 03.08.2022 का कृपया संदर्भ ग्रहण करें, जिसके द्वारा वित्तीय वर्ष 2022-23 में स्वशासी राज्य चिकित्सा महाविद्यालय, फिरोजाबाद में उपकरणों की सूची अनुमोदित करते हुए धनराशि अवमुक्त किये जाने का अनुरोध किया गया है।

2- इस सम्बन्ध में मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि वित्तीय वर्ष 2022-23 में स्वशासी राज्य चिकित्सा महाविद्यालय, फिरोजाबाद हेतु प्रस्तावित उपकरणों की सूची (संलग्नक के अनुसार) को अनुमोदित करते हुए अनुदान संख्या-31 के अन्तर्गत मानक मद 26-मशीनें और सज्जा/उपकरण और संयंत्र मद में प्राविधानित धनराशि के सापेक्ष **रू0 300.00 लाख (रूपये तीन करोड़ मात्र)** की प्रशासकीय एवं वित्तीय स्वीकृति निम्नलिखित शर्तों/प्रतिबन्धों के अधीन प्रदान करने की श्री राज्यपाल सहर्ष स्वीकृति प्रदान करते है:-

1. प्रश्नगत उपकरणों का क्रय पूर्व निर्धारित स्पेसिफिकेशन्स के अनुसार किया जाएगा। जिन उपकरणों का स्पेशिफिकेशन निर्धारित नही है, सम्बन्धित विभागाध्यक्ष एवं मेडिकल कालेज के अन्य विशेषज्ञों की समिति गठित कर स्पेशिफिकेशन निर्धारित कराये जाने के उपरान्त उपकरणों का क्रय किया जाय।
2. सुसंगत नियमों और प्राविधानों का पालन करते हुए पारदर्शी प्रक्रिया के तहत आवश्यक और उपयोगी उपकरणों का क्रय एम0सी0आई0/एन0एम0सी0 के मानकों के अनुरूप किया जायेगा। सभी उपकरणों की विशिष्टियों, गुणवत्ता व आडिट आदि की जिम्मेदारी प्रधानाचार्य की होगी।
3. अवमुक्त धनराशि का आहरण एकमुश्त नही किया जायेगा, अपितु आवश्यकतानुसार किया जायेगा। उपकरणों का क्रय स्वीकृति धनराशि की सीमा के अन्तर्गत ही किया जायेगा।
4. डुप्लीकेसी से बचने हेतु उपकरण क्रय करने से पूर्व सत्यापित करा लिया जाय। यह सुनिश्चित किया जाय कि उपकरण की वास्तविक रूप से आवश्यकता है।
5. यह भी सुनिश्चित कर लिया जाए कि प्रश्नगत उपकरण की स्थापना हेतु स्थान, भवन आदि उपलब्ध है तथा संचालन हेतु मानव संसाधन उपलब्ध है।
6. स्वीकृत की जा रही धनराशि का आहरण वास्तविक आवश्यकतानुसार एवं व्यय नियमानुसार किया जायेगा तथा इसका उपयोग उन्हीं कार्य/मदों में किया जायेगा, जिसके लिए धनराशि स्वीकृत की जा रही है, किसी अन्य कार्य/मदों पर धनराशि का व्यय अथवा व्ययावर्तन वित्तीय अनियमितता मानी जायेगी। स्वीकृत की जा रही धनराशि पी0एल0ए0/बैंक/डाकघर में नहीं रखी जायेगी।
7. उपकरणों के क्रय में 05 वर्ष की वारण्टी/ सी0एम0सी0/ई-प्रोक्योरमेन्ट में इस बिन्दु को अनिवार्य रूप से सुनिश्चित किया जाय।
8. उपकरण/संयत्र के क्रय में सुसंगत वित्तीय नियमों, उ0प्र0 प्रोक्योरमेन्ट मैनुअल (प्रोक्योरमेन्ट आफ गुड्स) 2016 के प्राविधानों तथा सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम तथा निर्यात प्रोत्साहन विभाग द्वारा निर्गत ई-टेण्डर/ई-प्रोक्योरमेन्ट/गवर्मेंट ई-मार्केटप्लेस (GeM) पोर्टल से सम्बन्धित शासनादेशों का पूर्णतः अनुपालन सुनिश्चित किया जायेगा।
9. स्वीकृत की जा रही धनराशि का व्यय/उपयोग सुसंगत वित्तीय नियमों एवं समय-समय पर जारी किये गये शासनादेशों का कड़ाई से अनुपालन सुनिश्चित करते हुए किया जायेगा।

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अतः इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नहीं है ।

2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.nic.in से सत्यापित की जा सकती है ।

http://shasanadesh.up.nic.in

10. वित्त (आय-व्ययक) अनुभाग-1 के कार्यालय ज्ञाप दिनांक 07.06.2022 में उल्लिखित दिशा-निर्देशों का पूर्ण अनुपालन सुनिश्चित किया जायेगा।

3- इस सम्बन्ध में होने वाले व्यय रू0 3,00,00,000 (रूपये तीन करोड़ मात्र) को चालू वित्तीय वर्ष 2022-23 के आय-व्ययक में अनुदान संख्या-31 के अधीन लेखाशीर्षक "4210-चिकित्सा तथा लोक स्वास्थ्य पर पूंजीगत परिव्यय-03-चिकित्सा, शिक्षा, प्रशिक्षण तथा अनुसंधान-105-एलोपैथी-82-मेडिकल कालेज, फिरोजाबाद-26-मशीनें और सज्जा/उपकरण और संयंत्र" के नामे डाला जायेगा।

4- यह आदेश वित्त (आय-व्ययक) अनुभाग-1 के कार्यालय-ज्ञाप संख्या-13/2022/बी-1-454/दस-2022-231/2022, दिनांक 07-06-2022 में प्रतिनिहित अधिकारों के अन्तर्गत जारी किये जा रहे है।

संलग्नक-यथोक्त।

भवदीय,

(कुलदीप कुमार रस्तोगी)
संयुक्त सचिव।

संख्या/दिनांक, उपरोक्तानुसार।

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः-

1. महालेखाकार (लेखा एवं हकदारी), प्रथम/द्वितीय, उ0प्र0, इलाहाबाद।
2. महालेखाकार (लेखा परीक्षा), प्रथम/द्वितीय, उ0प्र0, इलाहाबाद।
3. महानिदेशक, चिकित्सा शिक्षा एवं प्रशिक्षण, उ0प्र0 लखनऊ।
4. वित्त नियंत्रक, चिकित्सा शिक्षा एवं प्रशिक्षण, उ0प्र0 लखनऊ।
5. वित्त नियंत्रक, स्वशासी राज्य चिकित्सा महाविद्यालय, फिरोजाबाद।
6. वरिष्ठ कोषाधिकारी, फिरोजाबाद।
7. वित्त (व्यय नियंत्रण) अनुभाग-3
8. गार्ड फाइल।

आज्ञा से,

(कुलदीप कुमार रस्तोगी)
संयुक्त सचिव।

http://shasanadesh.up.nic.in

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अतः इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नहीं है ।

2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.nic.in से सत्यापित की जा सकती है ।

शासनादेश संख्या- 119/2022/I/211069/2022/71-3099/175/2021-03-, दिनांक 08 सितम्बर, 2022 का संलग्नक।

क्र.सं.	विभाग का नाम	उपकरण का नाम	उपकरण का अनुमानित मूल्य वर्ष 5 कीवारंटी के साथ (प्रतिनग)	मात्रा	उपकरण का अनुमानित मूल्य वर्ष की वारंटी के 5 साथ (कुल धनराशि)
1	Anaesthesia	Projector with Screen	125000	1	125000
2	Anaesthesia	Fiberoptic Bronchoscope (Adult)	2200000	1	2200000
3	Anatomy	Microscope Binocular (Every Faculty)	60000	4	240000
4	Comm. Medicine	Microscope Binocular (Every Faculty)	60000	2	120000
5	ENT	Nasal Endoscop 0 degree 4 mm	2500000	1	2500000
6	Fore. Medicine	Autopsy Table	220000	5	1100000
7	Fore. Medicine	Deep Freezer for keeping Tissue	680000	1	680000
8	Medicine	Microscope Binocular (Every Faculty)	60000	1	60000
9	Medicine	Projector with Screen	125000	1	125000
10	Medicine	ECHO with 3D (Live) / 4D	4500000	1	4500000
11	Microbiology	Automated Identification and Drug Sensitivity System	2200000	1	2200000
12	OBS & Gynae	Abdominal Hysterectomy Set	50000	2	100000
13	OBS & Gynae	Cervical Biopsy Set	50000	1	50000
14	OBS & Gynae	D & C Set	50000	4	200000
15	OBS & Gynae	Delivery Set (with Big Artery Forceps)	50000	1	50000
16	OBS & Gynae	IUCD Insertion Set	100000	1	100000
17	OBS & Gynae	IUCD Removal Set	100000	1	100000
18	OBS & Gynae	IUI Equipment Set	100000	1	100000
19	OBS & Gynae	LSCS Set	50000	1	50000
20	OBS & Gynae	Myomectomy Instrument Set	50000	1	50000
21	OBS & Gynae	CTG Machine	800000	1	800000
22	OBS & Gynae	Projector with Screen	125000	1	125000
23	OBS & Gynae	Vaginal Hysterectomy Set	50000	1	50000
24	Ophthalmology	Auto Refrectometer with K-Reading	1000000	1	1000000
25	Orthopedics	C-Arm Machine	2200000	1	2200000
26	Orthopedics	Projector with Screen	125000	1	125000
27	Paediatrics	Projector with Screen	125000	1	125000
28	Radiology	Digital X-Ray 300 mA with CR System	2800000	1	2800000
29	Surgery	H D Laparoscopic Surgery Set	3500000	1	3500000
30	Surgery	Upper GI Endoscope	4500000	1	4500000
31	TB & Chest	Projector with Screen	125000	1	125000
			Total (Rs. Three Crore Only)		**30000000**

(कुलदीप कुमार रस्तोगी)
संयुक्त सचिव।

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अतः इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नहीं है ।

2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.nic.in से सत्यापित की जा सकती है ।

http://shasanadesh.up.nic.in